# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक : 28.01.2015

## प्रेस–विज्ञप्ति

आयोग द्वारा आयोजित किए जा रहे **राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2012** के साक्षात्कार के सन्दर्भ में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 27.01.15 को पारित आदेश की पालना के सम्बन्ध में सम्पूर्ण आयोग द्वारा विचार विमर्श कर दिनांक 09.02.15 से साक्षात्कार पुनः प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है । इस हेतु दो साक्षात्कार बोर्ड द्वारा दिनांक 09.02.15 से 04.03.15 तक का साक्षात्कार कार्यक्रम यथावत रहेगा, अतः दिनांक 09.02.15 से 04.03.15 के मध्य जिन अभ्यर्थियों के साक्षात्कार, जिस दिनांक को नियत थे, वे उसी दिनांक को साक्षात्कार हेतु उपस्थित होंगे।

जिन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 20.01.15 से 06.02.15 तक नियत था एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण साक्षात्कार नहीं लिये जा सके, उन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार बाबत् पृथक से सूचित किया जायेगा।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव